दूरभाष नं0– 05278–245957
05278–246223
ई–मेल–rmlauregistrar@gmail.com

# डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ०प्र०)

पत्रांकः लो0अ0वि0 / शैक्ष0 / 591 / 2022 दिनांकः 02.03.2022

## अधिसूचना

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र् 2017–18 एवं 2018–19 में प्रवेशित शोधार्थियों को 03 वर्ष उपरान्त (जिनका शोध कार्य पूर्ण हो गया है) वाले शोध छात्रों के शोध प्रबन्ध जमा किये जाने के सम्बन्ध में गठित समिति की संस्तुति एवं कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त पंजीकृत शोधार्थियों की शोध अवधि का आगणन प्री पी–एच0डी0 कोर्स वर्क की नामांकन तिथि से किया जायेगा। नामांकन तिथि से पंजीकरण तिथि की मध्यावधि में यह माना जायेगा कि शोधार्थी द्वारा निरन्तरता में शोध सम्बन्धी कार्य प्रारम्भ किया गया है। शोध प्रबन्ध जमा करने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शोध प्रगति आख्या एवं शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

उक्त निर्णय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम0फिल0 / पी–एच0डी0 उपाधि प्रदान करने हेतु निर्धारित न्यूनतम मानदण्ड और प्रक्रिया) विनियम 2016, दिनॉक 05 मई, 2016 एवं भारत के राजपत्र संख्या 278 दिनॉक 05 जुलाई, 2016 की अधिसूचना के अनुरुप संशोधित डॉक्टर ऑफ फिलासफी (पी–एच0डी0) उपाधि अध्यादेश–2017 में विहित प्रविधानों के अनुरुप होगा।

सहा0कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. समिति के सम्मानित सदस्यगण।
2. निजी सचिव कुलपति को मा0कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. प्रोग्रामर, ई0डी0पी को इस आशय से प्रषित कि इस पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. पत्रावली।

02.03.2022
सहा0कुलसचिव